भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या †*57**

उत्तर देने की तारीख- 06/02/2025

**दमन और दीव में आदिवासियों के लिए भवन का निर्माण**

†*57. श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल:

क्या **जनजातीय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दमन और दीव में जनजातियों के लिए किसी भवन का निर्माण किया गया था;

(ख) यदि हां, तो वह निर्णय किस तारीख को लिया गया था और ऐसी धनराशि का स्रोत/खाता क्या है जिसके तहत उक्त भवन का निर्माण किया जाना था और इस संबंध में कितनी धनराशि व्यय की गई थी;

(ग) क्या उक्त भवन जनजातीय समुदाय को समर्पित किया गया है और यदि हां, तो उक्त भवन किस तारीख को किस प्राधिकरण को सौंपा गया था;

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या उक्त भवन को 'शिक्षा सदन' के नाम से शिक्षा विभाग को सौंप दिया गया है;

(च) यदि हां, तो इसके कारणों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(छ) क्या उक्त भवन भविष्य में जनजातीय समुदाय को वापस सौंपे जाने की संभावना है; और

(ज) यदि हां, तो इसकी समयावधि क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य मंत्री
(श्री जुएल ओराम)

(क) से (ज): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

****

**श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल द्वारा "दमन और दीव में आदिवासियों के लिए भवन निर्माण" के संबंध में दिनांक 06.02.2025 को उत्तर देने हेतु उठाए गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या †*57 के भाग (क) से (ज) के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

(क) से (ज) : दादरा नगर हवेली, दमन और दीव के संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दमन में आदिवासी भवन के निर्माण के लिए संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन के सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिनांक 17.01.2014 को अपने कोष से अनुमोदन प्रदान किया गया था। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के प्रमुख कार्यों के तहत भवन निर्माण के लिए निधियों का उपयोग किया गया। कार्य आदेश दिनांक 04.03.2016 को जारी किया गया था और भवन 30.09.2018 को पूरा हुआ। भवन का निर्माण पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा 4,42,17,841.81 रुपये की राशि से किया गया है। शिक्षा विभाग द्वारा संघ राज्यक्षेत्र के जनजातीय लोगों सहित छात्र समुदाय के कल्याण के लिए भवन का उपयोग किया जा रहा है।

****